# शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, छिंदवाड़ा

क्रमांक /स्था. /विज्ञप्ति /2019/485 दिनांक : 15/02/2019

## //विज्ञप्ति//

मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के ज्ञापन क्रमांक एफ 2–53/2017/1/55 दिनांक 12.01.2018 द्वारा मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 के अन्तर्गत स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, छिंदवाड़ा के अधीन निम्नलिखित रिक्त पदों की पूर्ति किया जाना है। इस हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित दिनांक 27/02/2018 सायं 05:00 बजे तक किये जाएगें :–

### प्राध्यापक/सह प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों

| क्र | विषय | प्राध्यापक | | | | सह प्राध्यापक | | | | सहायक प्राध्यापक | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | SC | ST | OBC | UR | SC | ST | OBC | UR | SC | ST | OBC |
| 1 | एनाटॉमी | | | | | | | | | | | 1 | |
| 2 | फिजियोलॉजी | | | | | | | | | | | 1 | |
| 3 | बायोकेमेस्ट्री | | | | | | | | | | | 1 | |
| 4 | फार्माकोलॉजी | | | | | | | | | | | 1 | |
| 5 | पैथालॉजी | | | | | | | 1 | | | | 1 | |
| 6 | माईक्रोबायलॉजी | | | | | | | | | | | 1 | |
| 7 | कम्युनिटी मेडिसिन | | | | | | | 1 | | | | 1 | |
| 8 | मेडिसन | 1 | | | | 2 | | 1 | | | | | |
| 9 | पीडियाट्रिक्स | | | | | | | | | | | 1 | |
| 10 | टी बी एण्ड चेस्ट | | | | | | | | | | | | |
| 11 | स्किन व्हीं डी एण्ड लेप्रोसी | | | | | | | | | | | 1 | |
| 12 | मनोरोग | | | | | | | | | 1 | | | |
| 13 | सर्जरी | | | | | 2 | | 1 | | | | | |
| 14 | आर्थोपेडिक्स | | | | | | | | | | | | |
| 15 | ई एन टी | | | | | | | | | | | | |
| 16 | अथेल्मोलॉजी | | | | | | | | | | | | |
| 17 | स्त्री एवं प्रसूति रोग | | | | | 1 | | 1 | | 1 | | | |
| 18 | एनेस्थिसिया | 1 | | | | 1 | | 1 | | | 1 | 1 | |
| 19 | रेडियोडायग्नोसिस | | | | | | | | | 1 | | | |
| 20 | डेन्टिस्ट्री | | | | | | | | | | | | |
| 21 | पीडियाट्रिक सर्जरी | | | | | | | | | 1 | | | |
| 22 | प्लास्टिक सर्जरी | | | | | | | | | 1 | | | |
| 23 | यूरोलॉजी | | | | | | | | | | | | |
| 24 | नेफ्रोलॉजी | | | | | | | | | 1 | | | |
| 25 | कार्डियोलॉजी | | | | | | | | | 1 | | | |
| 26 | न्यूरोलॉजी | | | | | | | | | 1 | | | |
| | कुल रिक्त पद | 3 | | | | 6 | | 6 | | 08 | 01 | 10 | |

**नोटः– रिक्त पदों के साक्षात्कार की संभावित तिथि 02/03/2019 है।**

- उपरोक्त चिन्हित पदों में SC = अनुसूचित जाति, ST = अनुसूचित जनजाति, OBC = अन्य पिछडा वर्ग F से चिन्हित पद महिला उम्मीदवार हेतु आरक्षित है।
- पदों की संख्या अधिक/कम की जा सकती है ।

अधिष्ठाता 15.2.19
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, छिन्दवाड़ा

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
छिंदवाड़ा (म.प्र.)

Scanned by CamScanner

शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय छिंदवाड़ा

क्रमांक ........../स्था. /विज्ञप्ति /2019/ दिनांक ....../..../2019

## //विज्ञप्ति सूचना//

1. मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ2–53/2017/1/55 दिनांक 12.01.2018 द्वारा मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 के अन्तर्गत स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय छिंदवाड़ा के अधीन प्राध्यापक, सह प्राध्यापक एव सहायक प्राध्यापक के विभिन्न विभागों में रिक्त पदों की पूर्ति की जाना है। इस हेतु आवेदन पत्र अधिष्ठाता, कार्यालय एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय टी. बी. सेनिटोरियम के पास जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.) पिन कोड– 480001 में **दिनांक 27/02/2019 सायं 5:00** बजे तक आमंत्रित किये जाते है। उपरोक्त विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश की वेबसाईट "www.govtmedicalcollegechhindwara.com" एवं www.medicaleducation.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

2. आवेदन पत्र डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से अधिष्ठाता, कार्यालय एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय छिन्दवाड़ा, टी. बी. सेनिटोरियम के पास जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.) पिन कोड– 480001 मे आवेदन पत्र जमा कराये जा सकते हैं, एवं निर्धारित प्रारूप में भरा हुआ आवेदन पत्र, समस्त दस्तावेजों सहित स्पीड पोस्ट द्वारा भी भेजा जा सकता है।

3. आवेदन पत्र के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय छिंदवाड़ा में शैक्षणिक संवर्ग हेतु आवेदन एवं विषय..............तथा आवेदित पद का नाम.................और आरक्षित/अनारक्षित................ श्रेणी का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें। किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

4. समस्त पात्र एवं शार्ट लिस्टेड आवेदकों के साक्षात्कार आयोजित किए जायेंगे।

5. सभी पात्र एवं शार्ट लिस्टेड आवेदकों को फोन द्वारा/ई–मेल द्वारा बुलाया जायेगा। साक्षात्कार की समय सारणी कॉलेज वेबसाइट पर प्रदर्शित कि जायेगीं। साक्षात्कार हेतु चयनित उम्मीदवारों की सूची केवल चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाईट "www.govtmedicalcollegechhindwara.com" पर अपलोड की जावेगी।

6. आवश्यकतानुसार पदों की संख्या घटायी/बढ़ायी जा सकती है।

7. केवल शार्ट लिस्टेड उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जावेगा। अगर पद रिक्त हुए तो बाद में अन्य उम्मीदवारों को बुलाया जावेगा।

8. चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा एवं सभी उम्मीदवारों के लिये बाध्य होगा।

15.2.19

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय छिंदवाड़ा

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
छिंदवाड़ा (म.प्र.)

Scanned by CamScanner

वेतनमान – नियमित नियुक्ति हेतु

| | | |
|---|---|---|
| प्राध्यापक | – | 37400–67000 + ग्रेड–पे 10000 + डी0ए0 |
| सह प्राध्यापक | – | 37400–67000 + ग्रेड–पे 9000 + डी0ए0 |
| सहायक प्राध्यापक | – | 15600–39100 + ग्रेड–पे 7000 + डी0ए0 |

**टीप** – समस्त पदो के लिये राज्य शासन द्वारा समय समय पर स्वीकृत वेतनमान/निश्चित मानदेय एवं अन्य भत्ते आदि देय होंगे।

2. **आयु सीमा –** **न्यूनतम**

| | | |
|---|---|---|
| प्राध्यापक | – | 35 वर्ष |
| सह प्राध्यापक | – | 30 वर्ष |
| सहायक प्राध्यापक | – | 25 वर्ष |

**टीप** – आयु की गणना विज्ञापन जारी होने वाली तिथि के पश्चात् आने वाली 01 जनवरी के दिनांक को आधार मानकर गणना में ली जावेगी।

3. पदो पर आरक्षण राज्य शासन के द्वारा समय समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगा ।

- **जाति प्रमाण पत्र : <u>आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जायेगा।</u>**

4. **अर्हताये :–**

- भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद द्वारा शैक्षणिक पद विशेष के लिए निर्धारित अर्हता।

5. <u>निरर्हतायें–</u>

5.1 विकृत चित्त वाला होने पर।

5.2 दुश्चरित्र होने पर।

5.3 शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्य बोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हो।

5.4 नियुक्ति के लिये प्रयास/अनुशंसा – किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास/अमुशंसा उसके लिये अनर्हकारी माना जायेगा।

5.5 विवाह संबंधी – जिस उम्मीदवार ने न्यूनतम निर्धारित आयु (पुरूष वर्ग के लिये 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिये 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे इन पदों पर चयन हेतु अयोग्य माना जायेगा। कोई भी ऐसे महिला/पुरूष उम्मीदवार जिसने पहले पति/पत्नि के जीवित रहते हुये पुनः विवाह किया हो अथवा किसी ऐंसे पुरूष/महिला से विवाह किया हो, जिसकी पहले से जीवित पत्नी/पति हो, ऐसे महिला/पुरूष नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे।

दिनांक 26/01/2001 के पश्चात जिस उम्मीदवार के जीवित बच्चों की संख्या 02 से अधिक हो गई हो वह चयन के लिए पात्र नहीं होगा परन्तु कोई उम्मीदवार जिसकी पहले से ही एक जीवित संतान है तथा 26 जनवरी 2001 के पश्चात आगीम प्रसव में 02 या अधिक संतान का जन्म होता है तो वह नियुक्ति के लिए अनर्ह नहीं होगा।

5.6 कूट रचित/फर्जी दस्तावेज एवं चयन के स्तर पर जानकारी छिपाये जाने/अभिलेख फेरबदल कर प्रस्तुत करने पर।

5.7 कदाचरण संबंधी – किसी भी ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त नहीं किया जावेगा, यदि उसने शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिये परिणामस्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो।

5.8 ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो।

5.9 स्वास्थ्य संबंधी – चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक जिसका पद सिविल सर्जन से कम न हो, के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात् शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ पाया जाए तथा वह ऐसा प्रमाण पत्र जारी करें।

Scanned by CamScanner

6. सहायक प्रांध्यापक के पद पर चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति प्रथमतः **एक वर्ष की अवधि** के लिये परीवीक्षा पर अनुबंध पर की जावेगी। यदि चयनित अभ्यर्थी द्वारा स्वशासी महाविद्यालय में एक वर्ष की अवधि के लिये सीनियर रेसीडेन्ट डॉक्टर के पद पर संतोषजनक कार्य किया हो तो उसे सीधे नियमित सेवा में नियुक्ति दी जा सकेगी।

7. मध्य प्रदेश के स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में सेवारत व्यक्ति, जो सीधी भर्ती के पद के लिये अर्हताधारी हो सीधी भर्ती के पद के विरूद्ध आवेदन देने के लिये स्वतन्त्र होगा और ऐसे आवेदन के लिये उसे नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लेना होगा ऐसे उम्मीदवारो को चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जायेगीं।

8. चिकित्सा शिक्षक को उसके पद के अनुरूप कर्त्तव्यों का तथा समय–समय पर सौपे गये प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करना होगा।

9. ऐसे चिकित्सा शिक्षक जिनकी नियुक्ति राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 1987 के तहत की हो के द्वारा उच्च पद के लिये आवेदन किया जाता है और यदि उसका चयन किया जाता है तो वह स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में ऐसे वरिष्ठ पद पर लिया जा सकेगा।

10. आवेदक का चयन होने पर उसे 65 वर्ष की उम्र अथवा नियुक्ति दिनांक से 03 वर्ष, जो भी पहले हो तक संबंधित स्वशासी महाविद्यालय में सेवायें देनी होगी । आवेदक को इस बाबत् सम्यक रूप से स्टांपित एक बांड नियुक्ति के समय भरना होगा एवं इस शर्त के उल्लंघन पर उसे 03 माह के वेतन /मानदेय के बराबर की राशि महाविद्यालय को चुकानी होगी ।

11. मध्य प्रदेश शासन के स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय मे कार्यरत चिकित्सक हेतु प्रतिनियुक्ति के लिये मूल नियोक्ता की सहमति अनिवार्य होगी।

**12. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि** :– अधिष्ठाता, कार्यालय एडमिनिस्ट्रेटिव, ब्लॉक, शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, टी. बी. सेनिटोरियम के पास जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.) पिन कोड– 480001 में आवेदन पत्र **दिनांक 27/02/2019 सायं 05.00 बजे** तक प्राप्त हो जाना चाहिये। आवेदन पत्र डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में जमा कराये जा सकते है। किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा।

13.चयन प्रक्रिया हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

14.उपरोक्त विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश की वेबसाईट www.govtmedicalcollegechhindwara.com/ एवं www.medicaleducation.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

15. चयन प्रक्रिया मै किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय चयन समिति का होगा।

**महत्वपूर्ण टीप** :– यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हतायें और शर्तो को पूरा करते है। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं करे ले ओर अर्हता की समस्त शर्ते पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरे। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जायेगी। आवेदक के विरूद्ध पुलिस प्रकरण अथवा किसी भी प्रकार की जांच न हो जिसके कारण आवेदक की नियुक्ति प्रभावित होती हो, इस आशय से संबंधित घोषणा पत्र जो की आवेदन के प्रारूप में दिया गया है। यह शर्त भी उसमें समाहित रहेगी।

15/2/19

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
स्वंशासी चिकित्सा महाविद्यालय छिंदवाड़ा

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
छिंदवाड़ा (म.प्र.)

Scanned by CamScanner

# आवेदन का प्रारूप

..........................................के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र (अंतिम तिथि 27 / 02 / 2019 )

नोट: सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जावे।

स्वप्रमाणित फोटो

1. आवेदक का नाम :........................................................................................

2. पुरूष / महिला........................................................................................

3. पिता / पति का नाम (उपनाम सहित)........................................................................

4. वर्तमान निवास स्थान का पता (पिनकोड सहित)..................................................

   ........................................................................................................

   शहर का नाम.............................. फोन नं.................................................

   मोबाइल नं.................................ई–मेल आईडी..............................................

5. स्थाई पता........................................................................................

   ........................................................................................................

   शहर का नाम.............................. फोन नं.................................................

   मोबाइल नं.........................................................................................

6. आधार कार्ड नम्बर (हो तो) छायाप्रति संलग्न करें।............................................

7. जन्मतिथि (**हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची संलग्न करें**)................................ ........

..

8. दिनांक 01/01/2019 को आवेदक की आयु .......... दिन ........माह ..........वर्ष

9. आवेदक की वैवाहिक स्थिति – विवाहित / अविवाहित

10. विवाह का दिनांक ....................................................

11. वर्ग : अनारक्षित / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछडा वर्ग / विकलांग ..................... (आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न करें )

12. मेडिकल काउन्सिल का पंजीयन क्रमांक एवं नाम तथा दिनाॅंक ................................... छायाप्रति संलग्न करें

अ. (एम.बी.बी.एस.)– छायाप्रति संलग्न करें।

ब. एमडी / एमएस– छायाप्रति संलग्न करें।

Scanned by CamScanner

स. एमसीएच/डीएम–छायाप्रति संलग्न करें।

13. शैक्षणिक योग्यताऐं:– (प्रमाण–पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/ वि.वि. | वर्ष | विषय | प्राप्तांक / पूर्णांक | एम.बी.बी.एस. के कुल प्राप्तांक/प्रतिशत | प्रयास (Attempt) | प्रतियॉ संलग्न करें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | | |
| 1 | MBBS First Prof. | | | | | | | |
| 2 | MBBS Second Prof. | | | | | | | |
| 3 | MBBS Final Part I | | | | | | | |
| 4 | MBBS Final Part II | | | | | | | |
| 5 | MD/MS/MCH/DM | | | | | | | |
| 6 | S.R. | | | | | | | |

(प्रत्येक वर्ष का पृथक–पृथक भरे)

नोटः प्रत्येक परीक्षा के प्रयास (Attempt) प्रमाण पत्र अधिष्ठाता द्वारा प्रदत्त हो संलग्न करें।

14. शैक्षणिक अनुभव :–

| क्रमांक | पदनाम | शैक्षणिक अनुभव | संस्था का नाम | अनुभव की प्रतियॉ संलग्न करें |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राध्यापक | | | |
| 2 | सह प्राध्यापक | | | |
| 3 | सहायक प्राध्यापक | | | |
| 4 | ट्यूटर/प्रदर्शक | | | |

15. रिसर्च पब्लिकेशन :–

| क्रमांक | पदनाम | रिसर्च पब्लिकेशन नम्बर | इंडेक्स जनरल | प्रतियॉ संलग्न करें |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राध्यापक | | | |
| 2 | सह प्राध्यापक | | | |
| 3 | सहायक प्राध्यापक | | | |
| 4 | ट्यूटर/प्रदर्शक | | | |

16. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची प्रथम से निर्धारित प्रारूप में संलग्न करें। (दो प्रतियॉ)

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

स्थान.................................

दिनॉक.................................

Scanned by CamScanner

## //घोषणा–पत्र//

1. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
2. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध मे किसी न्यायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय मे विचाराधीन है।

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

Scanned by CamScanner

# चैक लिस्ट (कार्यालय प्रति)

1. आवेदन फार्म।
2. फोटो।
3. MBBS First Prof. छायाप्रति संलग्न करें।
4. MBBS Second Prof. छायाप्रति संलग्न करें।
5. MBBS Final Part I छायाप्रति संलग्न करें।
6. MBBS Final Part II छायाप्रति संलग्न करें।
7. MD/MS/MCH/DM छायाप्रति संलग्न करें।
8. S.R. छायाप्रति संलग्न करें।
9. प्राध्यापक अनुभव की छायाप्रति संलग्न करें।
10. सह प्राध्यापक अनुभव की छायाप्रति संलग्न करें।
11. सहायक प्राध्यापक अनुभव की छायाप्रति संलग्न करें।
12. ट्यूटर/प्रदर्शक अनुभव की छायाप्रति संलग्न करें।
13. प्राध्यापक रिसर्च पब्लिकेशन, इंडेक्स जनरल की छायाप्रति संलग्न करें।
14. सह प्राध्यापक रिसर्च पब्लिकेशन, इंडेक्स जनरल की छायाप्रति संलग्न करें।
15. सहायक प्राध्यापक रिसर्च पब्लिकेशन, इंडेक्स जनरल की छायाप्रति संलग्न करें।
16. ट्यूटर/प्रदर्शक रिसर्च पब्लिकेशन, इंडेक्स जनरल की छायाप्रति संलग्न करें।
17. आधार कार्ड प्रति संलग्न करें।
18. हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची छायाप्रति संलग्न करें।
19. जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।
20. मेडिकल कॉउसिंल का पंजीयन की छायाप्रति संलग्न करें।

हस्ताक्षर.......................................

दिनांक / /

Scanned by CamScanner